an>

Title: Regarding providing certified quality seeds to farmars by APMC.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी का ध्यान हमारे देश के किसानों की समस्याओं की ओर आकर्षित करते हुए यह कहना चाहूंगा कि अगर हमारे देश में कृषि के लिए कोई सबसे बड़ी संस्था है तो वह ए.पी.एम.सी. है, जो देश के छोटे-बड़े तालुका के स्तर पर भी स्थित है। यदि सरकार चाहे तो इस ए.पी.एम.सी. के माध्यम से देश के किसानों के लिए एक विकास की क्रांति लाई जा सकती है।

महोदय, ए.पी.एम.सी. किसानों के लिए एक बहुत बड़ी संस्था है। यदि प्रत्येक ए.पी.एम.सी. में एक मॉल की व्यवस्था हो जाए, जहां पर किसानों को शुद्ध गुणवत्ता वाली सर्टीफाइड बीज, रासायनिक खाद, कीटनाशक दवाइयां और कृषि औज़ारों की उपलब्धता हो सके। वह उन्हें किफायती और सब्सिडी पर उपलब्ध हो तथा पूरे देश में इसकी रेट बराबर हो, ताकि किसान उसे देश में कहीं से भी खरीदे तो उसका मूल्य समान हो।

उपाध्यक्ष महोदय, हमारे देश के किसानों को बिचौलियों के माध्यम से लूटा जा रहा है। वे कर्ज़ के मारे आत्महत्या कर लेते हैं और इसलिए आत्महत्या की इतनी घटनाएं हो रही हैं, जो हमारे कृषि प्रधान देश के लिए लज्जा की बात है।

उपाध्यक्ष महोदय, यदि केन्द्र सरकार के आदेश से ए.पी.एम.सी. में कृÂिा मॉल के ज़रिए देश के किसानों को शुद्ध गुणवत्ता वाले सर्टिफाइड बीज किफायती दर पर मिले तो उसका बहुत लाभ होगा। इसी तरह, किसान सरकार का सीधा लाभार्थी बन सकता है।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Naranbhai Kachhadia.